# प्रादेशिक समाचार

**दिनांक–28.07.2024** **(दोपहर–1455 बजे)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की।

**************

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए गिरिडीह में भाजपा ने बड़ी व्यवस्था की थी। भाजपा के पूर्व विधायक निर्भय कुमार शहाबादी के आवासीय कार्यालय समेत सभी बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना गया। इस मौके पर श्री शहाबादी ने कहा कि प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम में उन सब बातो का जिक्र करते हैं जो आम जनता से जुडा होता है जो देश की भलाई के लिए होता है।

**************

खूंटी के बिरसा कॉलेज स्थित बहूद्देशीय भवन में आज मेगा विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न इलाकों से आए ग्रामीणों के बीच केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त लोकेश मिश्रा, जिला जज सह सत्र न्यायाधीश, पुलिस अधीक्षक, डीडीसी, डालसा सचिव समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। शिविर में हाईकोर्ट के जोनल जज एस एन पाठक ने कहा कि घरेलू हिंसा का एक कारण आर्थिक स्थिति का कमजोर होना और दूसरा बड़ा कारण है शराब नशा का सेवन। शराब के सेवन से मारपीट और हत्या की घटनाएं होती रहती हैं। जोनल जज ने शिविर के लोगों को घर में शराब नही पीने की शपथ दिलाई।

**************

गढ़वा जिले में केंद्र सरकार द्वारा लाये गये तीन नये आपराधिक कानूनों की जानकारी देकर लोगों कों जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

**************

रांची के संत जेवियर्स कॉलेज के यूजी और पीजी सेमेस्टर दो की परीक्षाएं 22 अगस्त से शुरू होंगी। मिली जानकारी के अनुसार यूजी एनईपी, सीबीसीएस और पीजी सीबीसीएस एंड सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी। इसमें आखिरी क्लास 7 अगस्त तक होगी। छात्र 16 अगस्त से 20 अगस्त तक एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे।

**************

ऑनलाइन गेम के नाम पर ठगी के आरोप में कोडरमा पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। इनके पास से एक लैपटॉप, 11 मोबाईल, 2 सिम कार्ड, 9 एटीएम कार्ड, 2 चेकबुक, 2 वाई–फाई और व्हाट्स एप चौट का प्रिंट ऑउट जब्त किया गया।

**************

साहिबगंज के उपायुक्त हेमंत सती ने अपने गोपनीय कार्यालय कक्ष में ग्रामीण कार्य विभाग एवं एनआरईपी अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने ग्रामीण कार्य विभाग एवं एनआरईपी अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं, कार्यों की समीक्षा की और सभी योजनाओं को निर्धारित समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर सहायक अभियंता दिवाकर मिश्रा,अरविंद मुर्मू, सुभाष सिंह, कनीय अभियंता बृज कुमार मल्लिक एवं अन्य उपस्थित थे।

**************

पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया वन क्षेत्र के दिघी और चौठिया गांव में जंगली हाथियों के चपेट आने से दो वृद्ध की जान चली गयी. मृतकों की पहचान वकील टुडू और बासो हांसदा के रूप में हुई है.।

**************

पेरिस ओलिंपिक के दूसरे दिन, आज निशानेबाज मनु भाकर महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में उतरेंगी। महिलाओं और पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल्स क्वालीफिकेशन में, रमिता जिंदल और एलावेनिल वलारिवान, संदीप सिंह और अर्जुन बाबूता अपनी चुनौती रखेंगे। महिला तीरंदाजी में दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और भजन कौर की तिकड़ी आज क्वार्टफाइनल खेलेगी। बैडमिंटन में, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने फातिमाथ को पहले दौर में 21–9, 21–6 से हरा दिया। पुरुष सिंगल्स में एचएस प्रणय आज ग्रुप चरण में जर्मनी के फैबियन रोथ के साथ खेलेंगे।

*******समाप्त*******